




नवभारत

भोपाल, रविवार ,04 जनवरी, 2026


**एक नजर में**



### केवल्यज्ञान ही आत्मा को सिद्ध भगवान बनाता : मुनिराज

**आष्टा.** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने अपने आशीष वचनों में कहा कि केवल्यज्ञान ही आत्मा को सिद्ध भगवान बनाता है .संयम रूपी नौका पर सवार होकर ही शंका रूपी संसार से पार हुआ जा सकता है. मनुष्य को जो पुण्य प्राप्त होता है, वही उसकी वास्तविक संपत्ति है, इसलिए अधिक से अधिक पुण्य अर्जित कर इस जीवन को सार्थक बनाना चाहिए .रविवार को विश्व शांति यज्ञ एवं जाप का अनुष्ठान होगा .प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज द्वारा तत्त्वार्थ सूत्र की कक्षा, तथा संध्या में गुरुभक्ति एवं स्वाध्याय भी नियमित रूप से आयोजित हो रहा है .



### राष्ट्रीय सुरक्षा व अखंडता के लिए हिंदू सम्मेलन आवश्यक

**सीहोर.** शनिवार को कृषि उपज गल्ला मंडी परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. कलश यात्रा में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए .भव्य कलश यात्रा बैंडबाजा ढोल धमाकों डीजे के साथ श्री राम मंदिर से शुरू की गई. श्री राम भक्त भगवा ध्वज लहराते हुए जय श्री राम का जय घोष करते हुए गल्ला मंडी के प्रमुख मार्गो से होकर हिंदू सम्मेलन स्थल पर पहुंचे. सकल सनातन हिंदू समाज को प्रमुख संतों के द्वारा संबोधित किया गया. विधायक सुदेश राय ने कहा कि हिंदू सनातन धर्म की एकता समाजिक अखंडता और राष्ट्रीय हित के लिए हिंदू सम्मेलन होना अति आवश्यक है.



### वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने किए सलकनपुर माता के दर्शन

**सीहोर.** शहर के समाजसेवी अनिल राय के माध्यम से संकल्प वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने सलकनपुर देवी धाम पर माता रानी के दर्शन किए. यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा. इस मौके पर समाजसेवी अनिल राय और उनके पुत्र का सम्मान आश्रम के संचालक राहुल सिंह सहित अन्य ने किया. श्री राय ने कहाकि बुजुर्गों को इस यात्रा में देखकर हर्ष हुआ. उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ताकि बुजुर्गों को समाज से जोड़ा जा सके.



### एनसीसी साइकिल अभियान का नगरागमन पर भव्य स्वागत

**सीहोर.** पुणे से दिल्ली तक आयोजित एनसीसी साइकिल अभियान का नगर में भव्य स्वागत किया गया .अभियान का नेतृत्व ब्रिगेडियर सचिन गावली कर रहे हैं. अभियान दल में महाराष्ट्र के 12 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं. अभियान को आष्टा तक 10 एमपी बटालियन एनसीसी, उज्जैन द्वारा एस्कॉर्ट किया गया, जबकि आज आष्टा से भोपाल तक 1 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी भोपाल ने एस्कॉर्ट प्रदान किया. नगर में आयोजित स्वागत समारोह में लेफ्टिनेंट कमांडर आयुष डोडानी, कमांडिंग ऑफिसर, 1 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी, भोपाल, उनके साथ एएनओ एवं पीआई स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर 125 एनसीसी कैडेट्स तथा 20 पूर्व सैनिकों ने अत्यंत जोश और उत्साह के साथ अभियान दल का स्वागत किया.




### नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए 54 खिलाड़ी रवाना

**सीहोर.** मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में 54 खिलाड़ी छह जनवरी तक महाराष्ट्र के वर्धा में आयोजित होने वाली नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए. वर्धा रवाना होने वाले खिलाड़ियों में नाजिया खान, खुशी मछारिया, भावेश परमार, आरोही पाराशर, विनायक वर्मा, प्रिंस, वेदांत, शिवान्या, शौर्य मालवीय, ध्रूव इटावरिया, अनुराग मेवाड़ा, जेयश कुशवाहा, अवनेश कुशवाहा, सचिन लोधी, दिव्यांश लोधी, नीतू लोधी, दीपिका लोधी, पायल बागवान, प्रिंसी परमार, हेमंत परमार, श्रेष्ठ चौधरी, सुहानी, मुदुल, सुकृति तिवारी, साधना परमार, राखी परमार, देवांश वर्मा, समीक्षा चौहान, प्रियांशी वर्मा, राधिका मालवीय, दिव्यांश वर्मा, नताशा वर्मा, मयंक वर्मा, प्रतीक्षा वर्मा, आयुषी वर्मा, नमिशा झलावा, हर्षिता मालवीय, आराशी, साक्षी चौहान, मानव राठौर, राघव राय, श्रेष्ठ मालवीय, जयसमीन मालवीय, कीर्ति वर्मा, पंकज वर्मा, हर्ष बकोरिया, अरुणोदय सिंह, आयु मालवीय, सार्थक मीना, रजत यादव, राजवीर जाट, संदीप जाट, अनुराग यादव, यश गोस्वामी, सौरभ जाट शामिल हैं.

# घरों के बोर में उतर रहा सीवेज का बदबूदार पानी

## रेलवे क्रॉसिंग के समीप बन रहे ओवरब्रिज ने नागरिकों की बढ़ाई मुसीबत, टैंकर से पानी खरीदने को मजबूर लोगों में रोष

- ब्रिज निर्माण में बरती जा रही लापरवाही से लोगों में आक्रोश
- जायजा लेने पहुंचे अधिकारियों को सुनाई अपनी व्यथा



**सीहोर.** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समीप बन रहे ओवर ब्रिज निर्माण के चलते पेयजल लाइन व सीवेज लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 03 जनवरी. घर में बोर होने के बाद भी लोग उसके पानी का सेवन करना तो दूर सूंघने की भी हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं. हाउसिंग बोर्ड क्रासिंग पर बन रहे ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान ब्रिज बनाने वाली एजेंसी ने पेयजल की लाईन को कई बार तोड़ा जा चुका है तो सीवेज की लाईन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दी हैं. ऐसे में सीवेज का पानी घरों में लगे बोर में उतर रहा है जिसकी वजह से लोगों को टैंकरों से पानी खरीदने को बाध्य होना पड़ रहा है.**

पुराने हाईवे पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास बन रहे फ्लाई ओवर ने करीब 2000 से ज्यादा घरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने वाली कंपनी ने नपा में कोई राशि जमा नहीं कराई है. ऐसे में फ्लाई ओवर निर्माण के दौरान जगह-जगह पाइप लाइन फूटी और कई जगह से सीवेज लाइन भी फूट गई. कई जगह सीवेज का पानी लीक होने लगे तो कई जगह चैंबर से ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगा है. सबसे ज्यादा परेशानी इस क्षेत्र में उन लोगों को हुई जिनके घरों में बोर हैं. यहां करीब एक महीने से लोग अपने घर के बोर का पानी उपयोग में नहीं ले पा रहे हैं. स्थिति यह है कि बोर से सीवेज का गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। जिससे लोग अपने घर के बोर का पानी उपयोग में नहीं ले पा रहे हैं. शनिवार को चाणक्यपुरी में चैंबर ओवरफ्लो नजर आए. यही नहीं सीवेज लाइन फूटने से नालियों में गंदा पानी जमा नजर आया. इधर नपा का दावा है कि सूचना मिलने पर लीकेज ठीक किए जा रहे हैं और सीवेज में भी सुधार कार्य करवाया जा रहा है. लेकिन हकीकत यह है कि अमला कम होने के कारण काम की रफ्तार धीमी बनी हुई है. हालांकि नपा ने एक दिन पहले शहर में लीकेज जांचने के लिए कमेटी बनाई है. शनिवार को यह कमेटी कई जगह जांच करने पहुंची. इस दौरान उन्हें कालोनी के लोगों ने उन्हें बताया कि सीवेज क्षतिग्रस्त होने से उनकी दिक्कतें बढ़ गई हैं.

### एक महीने से टैंकर मंगवाकर खरीद रहे पानी

शनिवार दोपहर करीब 12 .30 बजे चाणक्यपुरी में कृष्णा सेलिब्रेशन के पास वाली गली में चार में से 2 चेंबर ओवर फ्लो हो रहे थे. यहां के रहवासी सियाराम सिंह और विनोद जायसवाल ने बताया कि महीने भर से अधिक समय हो गया है, चैंबर ओवर फ्लो हो जाता है. उनका कहना था कि जब भी मैरिज गार्डन में कोई प्रोग्राम होता है तो चैंबर इस तरह ओवरफ्लो होते हैं कि घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है. विनोद जायसवाल का कहना है कि एक महीने से अधिक समय हो गया है वे टैंकर से पानी खरीदकर घर में पानी की पूर्ति करते हैं .इस संबंध में स्थानीय पार्षद को भी शिकायत की लेकिन कोई निराकरण नहीं निकला.

### निर्माण एजेंसी ने अब तक नहीं दी राशि

फ्लाई ओवर ब्रिज बनने से नगर पालिका की पाइन लाइन और सीवेज लाइन क्षतिग्रस्त हुई हैं. इसके लिए नपा ने ब्रिज कारपोरेशन से 86 लाख रुपए की मांग की है, लेकिन ब्रिज कार्पोरेशन ने अब तक राशि जमा नहीं कराई है. सबसे बड़ी बात यह है कि ब्रिज कारपोरेशन ने निर्माण शुरु करने से लेकर अब तक नपा से कोई अनुमति ही नहीं ली. नपा ने 24 अक्टूबर को ही ब्रिज कारपोरेशन को पत्र लिखा था कि ब्रिज निर्माण के चलते सप्लाई लाइन और सीवेज लाइन को शिफ्ट करवाना पड़ेगा. इसके लिए 86 लाख रुपए जमा कराए जाएं. इसमें पानी की सप्लाई लाइन के लिए 63 लाख और सीवेज की लाइन के लिए 23 लाख रुपए की मांग की गई थी, लेकिन ब्रिज कारपोरेशन ने अब तक राशि जमा नहीं कराई है.

### शाम को नपा ने आनन- फानन में निर्माण कार्य रुकवाया

हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर निर्माण एजेंसी पर अंकुश लगाने के लिए निर्माण कार्य तत्काल रोकने और एजेंसी के संसाधान जप्त करने की कार्रवाई की गई है. नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने लंबे समय से निर्माण कार्य में की जा रही लापरवाही के कारण क्षेत्रवासियों को पेयजल सप्लाई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त की शिकायत के कारण नपा अमल को निर्देश दिए है. इस संबंध में नगर पालिका के अस्टिेंट इंजीनियर विजय कोली ने बताया कि निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण एक दर्जन से अधिक बार पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है और कई बार नोटिस देने के बाद भी ध्यान देने के कारण निर्माण कार्य रोका गया है और निर्माण एजेंसी के संसाधन जप्त किए गए है. पाइपलाइन टूटने से क्षेत्र की जल आपूर्ति प्रभावित हो गई है. नगर पालिका परिषद ने मामले को गंभीर मानते हुए नगर पालिका सहायक इंजीनियर श्री कोली ने तत्काल कार्रवाई की है. उनका कहना है कि पाइप लाइन टूटने के कारण अनेक बार जल सप्लाई बाधित हो रही है. कार्य कर रहे कर्मचारियों की लापरवाही से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई. नोटिस में कंपनी को तत्काल मरम्मत कर जल आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं. नगर पालिका ने साफ किया है कि तय समय सीमा में मरम्मत नहीं होने पर राशि संबंधित एजेंसी से वसूली जाएगी. नोटिस में यह भी कहा गया है कि पेयजल आमजन से जुड़ी मूलभूत सुविधा है. इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

## जवान ने बचाई सीहोर की महिला की जान

- सीहोर से परिवार के साथ ट्रेन से नीमच जा रही थी महिला
- उज्जैन स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद नीचे उतरी थी महिला

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 03 जनवरी.** जाको राखे साईंया मार सके न कोय, यह कहावत सीहोर के नदी चौराहा निवासी महिला के लिए उस वक्त चरितार्थ हो गई जब उज्जैन में ट्रेन में चढ़ते वक्त उसका संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंस गई. इस दौरान देवदूत बनकर वहां पहुंचे आरपीएफ के जवान ने उसे तुरंत खींचकर उसकी जान बचाई.

जानकारी के अनुसार नदी चौराहा निवासी 48 वर्षीय संजना यादव बीती शाम अपने परिवार के साथ ट्रेन से सीहोर से नीमच जा रही थी. वह ट्रेन के एम-2 कोच में सवार थी. रात करीब सवा आठ बजे उज्जैन स्टेशन पर जब ट्रेन रूकी थी तब वह खाने का सामान लेने नीचे उतरी थी. बताया जाता है कि जब वह ट्रेन में चढ़ रही थी तभी अचानक ट्रेन चल दी जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रैन व प्लेटफार्म के बीच फंस गई. गनीमत रही कि यह देख प्लेटफार्म पर मौजूद आरपीएफ के प्रधान आरक्षक राम श्री पाल ने दौड़कर उसे तुरंत बाहर निकाल लिया. इसमें कुछ सैकेंड की भी देरी हो जाती तो महिला के लिए जानलेवा साबित होती. हालांकि इस घटना में उन्हें मामूली चोटें आने पर उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनका उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई. इसके बाद वह परिवार के साथ बस से नीमच रवाना हुईं.

## कोहरे के लिहाफ में दोपहर तक दुबका रहा शहर

- अधिकतम तापमान 22 .5 और न्यूनतम 12 डिग्री रहा
- मौसम विभाग का कहना आगे और बना रहेगा कोहरा



**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 03 जनवरी.** सूबे सहित जिला इन दिनों भीषण ठंड के कहर से जूझ रहा है. सर्द हवाओं ने लोगों को दिन में भी गर्म कपड़े पहनने को मजबूर कर दिया है तो रात में हाड़कंपा देने वाली ठंड ने बेहाल कर रखा है.

शनिवार को सुबह से ही कोहरे की धुंध और सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुरा दिया है. दोपहर 1 बजे तक कोहरे की धुंध छाई रही. इसके बाद धूप निकली, लेकिन सर्द हवा और बादलों के कारण धूप में गर्मी नहीं थी. ऐसे में अधिकतम तापमान 22.5 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार बादलों के कारण रात के तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है।.वहीं 11 किमी की रफ्तार से उत्तर-पूर्व से हवा चल रही है. जिसके कारण ठंड का असर ज्यादा महसूस हो रहा है. डॉ. तोमर के अनुसार अभी कुछ दिन और ऐसा ही मौसम बना रहेगा। घना कोहरा छाएगा. एक दिन पहले शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.5 और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था. जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 3 डिग्री लुढ़ककर 22.5 और न्यूनतम तापमान सीधे 3.5 डिग्री बढ़कर 12 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।.उन्होंने बताया कि अभी मावठे की संभावना नहीं है.ऐसे में फसलों की सिंचाई करें.

गौरतलब है कि शनिवार को सीजन का पहला सीवियर कोल्ड डे रहा. सुबह के समय ओस की बूंदों से सड़कें गीली हो गई. दोपहर 1 बजे के बाद थोड़ी धूप निकली, लेकिन लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली. सर्द हवाओं से दिन के भी लोग ठिठुरते नजर आए. शाम को भी 7 बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा फैलने लगा. रात 8 बजे तक बाजार में भी सन्नाटा छा गया. दुकानों के शटर बंद होने लगे थे. इस दौरान जो बाहर नजर आ रहे थे वह अलाव जलाकर ठंड से बचने के जतन करते देखे जा रहे थे.

### नवांकुर संस्थाओं की हुई समीक्षा बैठक

**सीहोर.** मप्र जन अभियान परिषद,की नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक विकासखण्ड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, बीलू भिलवारे, भगवत शरण लोधी, हरिराम अहिरवार, इंदर सिंह निकुम विकासखण्ड समन्वयक के आतिथ्य में हुआ. बैठक के दौरान प्रदीप सिंह सेंगर ने परिषद की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नवांकुर संस्थाओं की आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी बताते हुए कहा कि प्रस्फुटन ही वह मंच है, जिसके माध्यम से गांव-गांव में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है.

## पुलिस को देख शराब से लदी स्कार्पियो छोड़ भागे



- चेकिंग के दौरान जब वाहन नहीं रुका तो किया पीछा
- 385 लीटर शराब सहित स्कार्पियो को किया जब्त

**नवभारत न्यूज**

**दोराहा 03 जनवरी.** बीती रात पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता मिल गई जब चैकिंग के दौरान वहां से गुजर रही स्कार्पियो नहीं रूकी. पुलिस ने उसका काफी दूर तक पीछा किया, लेकिन अंधेरे का लाभ उठाते हुए स्कार्पियो सवार वाहन वहीं छोड़कर भागने में कामयाब हो गए. पुलिस ने अवैध शराब सहित वाहन को जब्त कर लिया है.

बीती रात पुलिस अधिकारियों को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि नोडल पाइंट दोराहा जोड़ पर एक संदिग्ध सफेद रंग की स्कॉर्पियो वाहन चैकिंग के दौरान न रुकते हुए तेजी और लापरवाही से झरखेड़ा तरफ गया है. सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम थाना सीहोर द्वारा वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, किंतु चालक द्वारा तेज गति से वाहन भगाया गया. पुलिस द्वारा पीछा करने पर चालक अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया.

वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अंग्रेजी एवं देशी शराब की कुल 385.5 लीटर मात्रा बरामद हुई,जब्त शराब की अनुमानित कीमत 2 लाख 28 हजार 600 रुपए बताई जाती है. मौके से स्कॉर्पियो वको जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा किया गया. वाहन से संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर आरोपीयों की तलाश की जा रही है.

### एसआर क्लब टीम ने की जीत हासिल

**सीहोर.** स्थानीय पीजी कालेज ग्राउण्ड पर माँ अन्नपूर्णा टेन्ट हाऊस द्वारा कराई जा रही अध्यक्ष चैम्पियन ट्राफी में आज एसआर क्लब और कान्हा इलेवन की टीम के बीच मैच खेला गया. दोनो टीमों का टॉस संजय राठौर और पार्षद लोकेन्द्र वर्मा ने कराया. एसआर क्लब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 106 रन बनाये. जिसमे सौरभ ने 26 रन और बिट्टू ने 42 रन की धमाकेदार पारी खेली, वहीं लल्ला ने 14 और राज कुशवाह ने 11 रन बनाये, इस तरह कुल 106 रन बनाये और कान्हा इलेवन को 107 का लक्ष्य दिया। जित्तू मम्मू ने विकट, संतोष ने 2 विकेट लिये। लक्ष्य पीछा करते हुए कान्हा इलेवन के जित्तु मम्मु न सबसे ज्यादा 18 रन बनाये और पूरी टीम 64 रन पर सिमट गई. एस.आर.क्लब की ओर से बालिंग करते हुए मयंक और नन्दू ने 1-1 विकेट लिये और शौरभ ने पंजा खोलकर 5 विकेट लिये, वहीं कान्हा इलेवन टीम को चारों खाने चित कर दिया और मैन आफ द मैच बने सौरभ ने बल्लेबाजी करते हुए 26 रन बनाये और बाद में पांच विकेट झटके.

**आयोजन** — हॉगवार्टस स्कूल में स्वस्थ जीवन शैली जागरुकता पर हुआ कार्यक्रम

## स्वस्थ समाज ही कर सकता समृद्ध राष्ट्र का निर्माण

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 03 जनवरी.** आरोग्य भारती के द्वारा स्वस्थ जीवन शैली जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार की सुबह हॉगवार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने किया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि समाज का स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र को आर्थिक रूप से संपन्न समृद्ध शक्तिशाली बना सकता है. बीमार कमजोर आसक्त व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए हानिकारक सिद्ध होता है इसलिए जीवन का पहला सुख निरोगी काया बताया गया है. विधायक राय ने कहा कि आधुनिक युग में जब इंसान सुविधाओं के साथ-साथ अनेक बीमारियों का भी वारिस बनता जा रहा है, तब स्वस्थ जीवन की ओर लौटने का सही समय आ गया है तेज़ रफ्तार जीवन, तनाव, अनियमित खान-पान और निष्क्रिय दिनचर्या ने मनुष्य को अनेक असाध्य रोगों की ओर धकेल दिया. जीवन शैली में सुधार कर हम निरोगी काया कर सकते हैं. इंदौर से पहुंचे मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक लाइफस्टाइल स्पेशलिस्ट सतीश मंत्री ने अपने गहन अनुभव और सरल शब्दों में बताया कि हमारी दैनिक आदतें ही हमारे स्वास्थ्य की असली नींव होती हैं. उन्होंने विशेष रूप से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, मोटापा और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के उपाय साझा किए. उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है, और जब समाज स्वस्थ होगा, तभी राष्ट्र भी समृद्ध बनेगा.



कार्यक्रम में योग, ध्यान, संतुलित आहार, सकारात्मक सोच जैसी जीवनशैली आदतों पर विशेष चर्चा की गई. संयोजक डॉ. गगन नामदेव, जिला संयोजक आरोग्य भारती एवं गिरिराज मित्र मंडल के प्रदीप साबू मौजूद रहे.

### भारत मयवंशी प्रकोष्ठ में नई नियुक्ति

**सीहोर.** आदर्श विश्वकर्मा कल्याण महासभा भारत के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा एवं आदर्श विश्वकर्मा कल्याण महासभा के अध्यक्ष की सहमति से मयवंशी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दयाराम निमोदिया की अनुशंसा पर अभिषेक विश्वकर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, युवा मंच (मयवंशी प्रकोष्ठ) के पद पर मनोनीत किया गया है. नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष युवा मंच अभिषेक विश्वकर्मा ने इस अवसर पर महासभा के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मयवंशी (सुतार) संगठन को सशक्त बनाने तथा युवाओं को संगठित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करते रहेंगे.


**सार्वजनिक सूचना**

मैं नौसे खा पिता बन्ने खा, आयु व्यस्क, निवासी ग्राम कुड़ी,पोस्ट भाऊखेड़ी जिला सीहोर मध्य प्रदेश का होकर कथन करता हूं कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड,वोटर आईडी कार्ड,सहित समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम नौसे खा (NOSE KHA) पिता बन्ने खा (BANNE KHA) है परंतु मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश नौशे खान (NOSHE KHAN) पिता बन्ने खान (BANNE KHAN) हो गया है मेरा वास्तविक नाम नौसे( NOSE KHA) पिता बन्ने खा (BANNE KHA) है मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है यह दोनों नाम मेरे ही हैं एक ही व्यक्ति के हैं ! यह कि सार्वजनिक सूचना प्रकाशित है।

भवदीय

नौसे खा पिता बन्ने खा ग्राम कुड़ी पोस्ट भाऊखेड़ी जिला सीहोर मध्य प्रदेश